## ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कराई जाएगी फॉगिंग

**बदायूं, अमृत विचार:** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान व अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में फॉगिंग का कार्य कराने के निर्देश दिए। ईओ से कहा कि नगरीय क्षेत्रों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यो को मूर्त रूप दिया जाए।

डीएम ने कहा कि जून माह तक नगरीय क्षेत्र के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सरकारी विद्यालयों में सभी अधिशासी अधिकारी कायाकल्प योजना के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कराएं।

कहा कि सभी उपजिलाधिकारी व नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी जूम के माध्यम से ऑनलाइन बैठक से जुड़े रहे। कार्यो में शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ केशव कुमार, एडीएम प्रशासन रेनू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# गर्मियों में चमक गया स्वीमिंग पूल का धंधा

## कई जगह बिना एनओसी चल रहे स्वीमिंग पूल, मानकों को किया जा रहा दरकिनार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। शरीर से पसीना नहीं सूख रहा। लोग पंखों, कूलर, एसी से हटना नहीं चाहते। शीतल पेय की दुकानों पर भीड़ रहती है। लेकिन गर्मी से निजात नहीं मिल रही। ऐसे में शहर में स्वीमिंग पूल का धंधा चमक गया है। जगह -जगह वैध-अवैध स्वीमिंग पुल खुल गए हैं और बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच रहे हैं। कई स्वीमिंग पूल नियमों को ताक में रखकर चल रहे हैं। इनमें लोगों की सुरक्षा का तक ध्यान नहीं रखा जाता।

शहर में बाईपास, राजमहल गार्डन, कुरुऊ रोड, चक्कर की सड़क सहित अन्य कई स्थानों पर स्वीमिंग पुल शुरू हा गए हैं। इन सभी में गर्मी के दौरान भीड़ जुट रही है। स्वीमिंग पूल संचालक लोगों से 50 रुपये लेकर सौ रुपये प्रति घंटा वसूल रहे हैं। पचास-सौ रुपये के चक्कर में स्वीमिंग पुल संचालक लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कई स्वीमिंग पूल में लोगों को लाइफ जैकेट तक नहीं दी जाती। और न ही लाइफ गार्ड तैनात हैं।


बाईपास रोड पर स्वीमिंग पूल में नहाते युवक और बच्चे। ● अमृत विचार

" बदायूं शहर में स्वीमिंग पुल संचालन की जानकारी नहीं है। अगर बिना मनोरंजन शुल्क जमा किए इनका संचालन हो रहा है तो कार्रवाई के लिए बदायूं के अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा।
**–राजीव पांडेय,** डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर बरेली

**क्रीडा विभाग व फायर ब्रिगेड से लेनी होती है एनओसी :** स्विमिंग पूल संचालित करने के लिए फायर ब्रिगेड व पुलिस कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होता है। इन विभागों से एनओसी मिलने के बाद जिला स्पोर्ट स्टेडियम में संबंधित विभाग को निर्धारित 15 हजार रुपये सालाना पंजीयन का शुल्क जमा करना होता है। इसके बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा मानकों की जांच होती है। जांच में सभी मानक पूर्ण पाए जाने पर ही स्वीमिंग पुल की अनुमति दी जाती है।

" शहर में कई स्थानों पर स्विमिंग पूल संचालित हैं। परंतु किसी भी स्वीमिंग पुल संचालक द्वारा हमारे यहां से एनओसी नहीं ली गई है। एनओसी के लिए स्विमिंग पूल संचालकों को 15 हजार रुपये सालाना पंजीकरण शुल्क जमा करना होता है। जल्द ही डीएम के समक्ष इस प्रकरण को रखा जाएगा। टीम बनाकर स्विमिंग पूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
**–अमित रिक्षारिया,** जिला क्रीड़ा अधिकारी

" नगर पालिका क्षेत्र में अगर कोई स्वीमिंग पूल संचालित है तो उसे कमर्शियल टैक्स 64 पैसे प्रति वर्ग फीट की दर से जमा करना होता है। अभी तक स्विमिंग पूल के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। इसकी जांच कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
**–अरुण कुमार,** सिटी मजिस्ट्रेट, प्रभारी ईओ नगर पालिका

### स्विमिंग पूल संचालन के यह हैं नियम

स्विमिंग पूल में आपात स्थिति से निपटने के लिए दो लाइफ जैकेट होना आवश्यक है। खेल निदेशालय से अनुमति होना जरूरी है। साथ ही इनमें दो ऑक्सीजन सिलिंडर, दो कृत्रिम सांस यंत्र होने चाहिए। पूल में फिल्टर प्लांट भी हो जिसे प्रतिदिन चार से पांच घंटे चलाया जाए। कोच होना चाहिए, जो राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय खिलाड़ी हो। प्रत्येक स्विमिंग पूल के लिए दो लाइफ गार्ड, जो भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित हों का होना जरूरी होता है। परंतु इन मानकों को दरकिनार कर शहर में कई स्थानों पर स्विमिंग पूल संचालित है।

## बेहटा पावर हिटर ने चैलेंजर्स को 6 विकेट से दी शिकस्त


बेहटा पावर हिटर टीम को शील्ड देते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बेहटा गुसाईं

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बेहटा गुसाईं में चल रहे बीजीपीएल 7 क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला मुकाबला बेहटा पावर हिटर और बेहटा चैलेंजर्स के बीच खेला गया। जिसमें बेहटा पावर हिटर ने 6 विकेट से मैच जीत लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए चैलेंजर्स अपने निर्धारित 12 ओवर में एक गेंद शेष रहते 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। हिटर की टीम ने 7.2 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें जितेंद्र सिंह ने 18, कन्नू पांडे 18 और आमिर कुरैशी ने 28 रनों का योगदान दिया। बेहटा चैलेंजर्स की ओर से चंद्रपाल ने 3 और रवित ने एक विकेट लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेहटा चैलेंजर्स की और से शशांक पुरी ने 25, योगेश पुरी ने 10 और प्रियांशु वार्ष्णेय ने 12 रनों का योगदान दिया। पावर हिटर के ओर से सुल्तान ने 4 और गौरव शर्मा ने 3 विकेट लिए। सुल्तान को मैन ऑफ द मैच दिया गया। अध्यक्ष शुभम पुरी, सुमित गुप्ता, पंकज गुप्ता, प्रद्युम्न पुरी, आयुष वार्ष्णेय कॉमेंटेटर, पुलकित वार्ष्णेय, कौशिक पुरी, भूरे सैफी, सुधीर पुरी, रवि वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## मिठाई की दुकानों में पकड़ी घटतौली, चालान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


किराने की दुकान पर कांटे की जांच करते बाट माप अधिकारी। ● अमृत विचार

- **बाट माप विभाग ने ज्वैलर्स और मिठाई की दुकानों पर कांटों का किया सत्यापन**

अमृत विचारः बाट माप अधिकारियों ने सर्राफा बाजार में आभूषण विक्रेताओं के कांटे बाट चेक किए।तीन के कांटे सत्यापित नहीं मिले, उन सर्राफा व्यापारियों को नोटिस जारी किया। वहीं मिठाई की दुकानों पर घटतौली पकड़ी उनके चालान काटे गए। कांटे-बाट की मरम्मत के नाम पर अवैध वसूली करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दुकानदारों को दी।

बाट माप अधिकारी संजय सरोज और अंकित अग्रवाल ने टीम के साथ बाजार में बाट माप चेकिंग अभियान चलाया। सर्राफा बाजार में अधिकारियों द्वारा आभूषण विक्रेताओं के कांटे बाट चेक किए। इस दौरान उन्हें मदन लाल पाल, प्रमोद गुप्ता, अतुल गुप्ता ज्वेलर्स के कांटे असत्यापित मिले। उन्हें कांटे सत्यापित कराने के लिए नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही रामनाथ गुप्ता और रफीक उर्फ गुड्डू की मिठाई की दुकान पर कांटे की जांच में घटतौली पकड़ी। वहीं लावेला चौक स्थित मनीष जैन की सरिया सीमेंट, बोहरा प्लाईबुड, एफएस होम डेकोर पर भी अधिकारियों ने घटतौली पकड़ी। इन सभी का चालान काटा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को व्यापारियों ने बताया कि विभाग द्वारा निलंबित मरम्मतकर्ता राकेश गुप्ता द्वारा उनके कांटे बाट की मरम्मत की गई।

इसके एवज में उनसे 5 सौ से लेकर एक हजार तक रुपये लिए गए। लेकिन न कोई रसीद की गई और न ही प्रमाण पत्र दिया गया। बाट माप अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराने सलाह दी गई।

## गंदगी से लोग हुए परेशान, मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

बिल्सी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर में गंदगी से हर कोई परेशान है। जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर और उससे निकलने वाली दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार है। मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि रात को लोग सो भी नहीं पा रहे हैं।

नगर के लगभग सभी मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा पड़ा होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। नाले नालियों की समय से सफाई नहीं हो रही। बंबा चौराहे से बिजली घर रोड को जाने वाले रास्ते में नालियों का पानी अक्सर सड़क पर आ जाता है। मोहल्ला साहबगंज, मोहल्ला संख्या तीन, खैरी रोड, कासगंज बस स्टैंड आदि स्थानों पर गंदगी के ढेर देखे जा सकते हैं। आरोप है कि नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से सफाई नहीं की जाती है और न ही कूड़ा उठाया जाता है। फागिंग भी नहीं कराई जा रही है।

## सिपाही ने भाजपा नेता को पीटा, जोरदार हंगामा

संवाददाता, उसहैत


भाजपा नेता की पिटाई की सूचना पर थाने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **मंडल महामंत्री की पिटाई से गुस्साए कार्यकता थाने में धरने पर बैठे**
- **सीओ उझानी ने कराया कार्यकर्ताओं को शांत आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** चक्की पर गेहूं की घटतौली को लेकर विवाद के बाद मारपीट में पीड़ित के साथ थाने गए भाजपा मंडल महामंत्री को पुलिस ने मार पीटकर हवालात में डाल दिया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता थाने पहुंच गए और हंगामा कर धरने पर बैठ गए। सीओ उझानी शक्ति सिंह ने मामला शांत कराया। चक्की संचालक व अन्य के खिलाफ घटतौली, धमकाने और मारपीट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी ने पुलिस पर आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं।

गांव हाफिज नगला निवासी श्यामपाल रविवार को 15 किग्रा गेहूं पिसाने के लिए गांव नगरिया दुगानी निवासी अजय पाल की चक्की पर गए थे। जहां कंप्यूटरीकृत कांटे पर गेहूं एक किग्रा कम निकले। श्यामपाल ने तौल को लेकर विरोध किया। विवाद के बाद गाली-गलौज और हाथापाई हो गई। श्यामपाल ने भाजपा मंडल महामंत्री राहुल लोधी को फोन करके सूचना दी। श्याम पाल के साथ राहुल थाना उसहैत पहुंचे। मंडल महामंत्री के अनुसार थाने में हल्का दारोगा जाहिद हुसैन और सिपाही नितिन मिले। वे दोनों श्यामपाल को झूठा बताने लगे। राहुल का आरोप है कि दारोगा के कहने पर सिपाही ने उनके साथ मारपीट की और हवालात में बंद कर दिया। सूचना पर भाजपा के कार्यकर्ता पहुंचे गए और अधिवक्ता कुलदीप सिंह के साथ धरने पर बैठ गए। वे दारोगा और सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। इसके बाद बैकफुट पर आई पुलिस ने अजय पाल के अलावा गांव रिजौला के प्रधान यादवेंद्र शाक्य समेत तीन लोगों के खिलाफ मारपीट, जान से मारने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। इसी बीच सीओ उझानी शक्ति सिंह पहुंचे और कार्यकर्ताओं से बात कर शांत किया।सोमवार को भाजपाई एसएसपी कार्यालय पहुंचे और दारोगा व सिपाही की शिकायत की। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने सीओ उझानी को जांच दी है। उसहैत इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों को किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **माध्यमिक स्कूलों में बनेगा पर्यावरण क्लब, चार छात्र होंगे शामिल, लोगों को भी करेंगे जागरूक**

**अमृत विचार:** पर्यावरण के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए माध्यमिक स्कूलों में पर्यावरण क्लब का गठन किया जाएगा। क्लब में प्रत्येक कक्षा के चार-चार छात्र शामिल रहेंगे। इनके द्वारा स्कूलों के बच्चों के साथ आम जनमानस को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

हर साल वन विभाग की सहायता से प्रशासन द्वारा 50 लाख से अधिक पौधे जिले में लगाए जाते हैं। इस अभियान की शुरुआत जुलाई माह से शुरु हो जाती है।

पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। माध्यमिक शिक्षा सचिव ने सभी स्कूलों में पर्यावरण क्लब गठित करने के आदेश दिए हैं। इसी के तहत स्कूलों में क्लब गठित होगा। जिसमें हर कक्षा के कुछ छात्र-छात्राओं को पर्यावरण मित्र बनाया जाएगा। यह पर्यावरण मित्र अपने साथियों के साथ स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण, जल संचयन, स्वच्छता आदि कार्य नियमित रूप से करेंगे।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि हर स्कूल में पर्यावरण क्लब गठित होगा।

इसमें जागरूकता के लिए पोस्टर, स्लोगन, कविता लेखन, निबंध, कहानी लेखन, भाषण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## दरगाह परिसर में दुष्कर्म की जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


जिलिाधिकारी मनोज कुमार को ज्ञापन देने से पहुंचे युवा। ● अमृत विचार

- **युवाओं ने सौंपा ज्ञापन, परिसर में रहे अवैध झोपड़ियां ध्वस्त कराने की मांग**

**अमृत विचार :** शहर के कुछ युवाओं ने डीएम मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। विश्व प्रसिद्ध बड़े सरकार दरगाह परिसर में दुष्कर्म मामेल की उच्चस्तरीय जांच कराने, परिसर में बनीं बनी अवैध झोपड़ियों को ध्वस्त और अनाधिकृत रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

युवाओं ने ज्ञापन में कहा कि कुछ दिनों पहले दरगाह परिसर में दुष्कर्म जैसा घिनौना कृत्य सामने आया था। बड़े सरकार दरगाह विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। जिसमें सभी धर्मों के व्यक्तियों की आस्था जुड़ी हुई है। इस कारण सर्वसमाज में इस घटना से रोष है। कमेटी गठित करके उच्च स्तरीय जांच कराना जरूरी है। परिसर में मौजूद संदिग्ध लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। अनाधिकृत रूप से बनाये गए निर्माण और वहां रह रहे लोगों की भी जांच कराई जाए। वहां रह रहे लोगों से उगाही करने वाले लोगों पर भी जांच कराएं। कुछ मुनाफाखोरों ने अपने लालच के लिए दरगाह के असल मकसद और रूप को बिगाड़ दिया है। दरगाह परिसर में बने अवैध झोपड़ियों ध्वस्त किया जाए।

मुहम्मद शादाब, अनिल कुमार, मुहम्मद फारूक, युनुस, अजहर, सुबोध, राकेश, सरताज, आरिफ अहमद, अनवर खान, मुस्लिम अंसारी, विजय कुमार, शहादत हुसैन, मुनाजिर हुसैन, मुशाहिद, वाजिद हुसैन, सरफराज अब्बासी, लाल मुहम्मद, अबरार अहमद आदि शामिल रहे।

## कटौती कम करने को बढ़ाया जाएगा ट्रांसफार्मरों का लोड

**बेहटा गोसाई, अमृत विचार :** जर्जर विद्युत लाइनों व ट्रांसफार्मर की क्षमता का निरीक्षण करने पहुंचे जेई धर्मात्मा कुमार ने कहा कि ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाया जाएगा, जिससे लोगों को बिजली ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिलेगी। जर्जर तार बदले जाएंगे। जिसकी वजह से जनहानि होने की संभावना भी बनी रहती है। जेई धर्मात्मा कुमार ने विद्युत कर्मचारियों से कहा कि तारों को अच्छी तरह से खींचकर बांधा जाए। उन्होंने कहा विद्युत चोरी करने वालों पर भी नजर रखी जाए। अगर कोई विद्युत चोरी करेगा तो कार्यवाही की जाएगी। लाइनमैन रामू, वीरपाल, जाहिद, बली मोहम्मद, सूरज, पंकज, मीटर रीडर, जयवीर मौजूद रहे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

## नवयुवक कॉलेज को रोटरी क्लब ने दिया आरओ


नवयुवक इंटर कॉलेज में आरओ दान करने के बाद मौजूद रोटेरियन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : तपती धूप और भीषण गर्मी में पानी की एक बूंद अमृत के समान होती है। गर्मी में बच्चों को पानी की आवश्यकता देखते हुए रोटरी क्लब ऑफ बदायूं सेंट्रल द्वारा नवयुवक इंटर कालेज में स्वच्छ एवं निर्मल जल हेतु आरओ लगवाया है। उदघाटन रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट रोटेरियन सुरेन्द्र चाणक्य ने किया। क्लब के सचिव मुनेन्द्र कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि रोटरी क्लब भविष्य में ऐसे कार्य करता रहेगा जिसकी समाज को आवश्यकता होगी।

रोटेरियन सुरेन्द्र चाणक्य, मुनेन्द्र कुमार सिंह, कुलदीप रस्तोगी, दीपक सक्सेना, विपिन अग्रवाल, संजय रस्तोगी, श्याम कृष्ण रस्तोगी, आमोद चाणक्य, डा संजीव गुप्ता, अनिल गुप्ता ठेकेदार, अनिल सीमेंट, राम मोहन अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, सोनू गुप्ता, पवन शर्मा, गोपालजी रस्तोगी, सुरजीत गुप्ता, राजेश गुप्ता, जितेंद्र महाजन, डा कौशल गुप्ता, मुकेश रस्तोगी, प्रमोद शर्मा, अमित वैश, सुनील गुप्ता, रितेश गुप्ता, संजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे। विद्यालय के प्रिंसिपल सुबोध मिश्रा एवं उनका समस्त स्टाफ मौजूद रहा। संचालन मुनेन्द्र कुमार सिंह एडवोकेट ने किया।

## कोटेदार दे रहा कम राशन, विरोध पर करता है झगड़ा

**मुजरिया, अमृत विचार:** गांव लहरा असदुल्लापुर में कोटेदार कार्ड धारकों को कम राशन दे रहा है। जिसका विरोध करने पर झगड़ा करने पर उतारू होता है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा एसडीएम से की गई है।

लहरा असदुल्लापुर गांव निवासी जल्लू, रामौतार सहित अन्य कार्ड धारकों का आरोप है कि गांव में असफिया फात्मा नाम से सस्ते गल्ले की दुकान है। कोटेदार ने राशन तोलने के लिए अन्य किसी व्यक्ति को लगा रखा है। प्रत्येक कार्ड धारक को राशन कम दिया जा रहा है। विरोध करो तो कोटेदार द्वारा रखा गया व्यक्ति झगड़ा करने लगता है। इसकी जानकारी भी एसडीएम को दी है।

ग्रामीणों ने आरोपी कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई और पूरा राशन दिलाने की मांग की है।

## किसानों की बैठक में समस्याओं पर चर्चा


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष सतीश साहू। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की मासिक पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा हम संगठित होकर ही बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान कराने में सक्षम होंगे। बैठक में मलेरिया से बचाव हेतु ग्रामीण क्षेत्र में फागिंग, कीटनाशक दवाइयां के छिड़काव और साफ-सफाई की मांग की ।

तहसील प्रभारी नंद किशोर राजपूत ने कहा हाइटेंशन बिजली लाइन नीची ढीली हैं उन्हें दुरुस्त कराया जाए। अध्यक्ष वजीरगंज ओमकार सिंह ने कहा क्षेत्र में जर्जर संपर्क मार्गो को गड्ढा मुक्त कराया जाए। तहसील क्षेत्र में सरकारी खाद केंद्र पर किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाए। एसडीएम के नाम पांच सूत्री ज्ञापन नायब तहसीलदार गिरिराज सिंह को सौंपा गया। जलालुद्दीन, नंदकिशोर, ओंकार सिंह, करनाल, तोताराम आदि किसान मौजूद रहे।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL
Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# मक्का के खेत में तारकशी कर छोड़ा करंट, दो गोवंश की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव नसरुल्लापुर और गठौना के बीच एक खेत में घटना

**अमृत विचार :** मक्का के खेत में की गई तारकशी में छोड़े गए करंट से दो गोवंश की मौत हो गई। ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल को सूचना दी। हल्का लेखपाल ने पशु चिकित्सक को बुलाया। गोवंश के शवों को जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दफन कराया।

उझानी क्षेत्र के गांव नसरुल्लापुर और गठौना के बीच एक किसान ने अपने खेत में खड़ी मक्का की फसल की तारकशी की थी जिसमें करंट भी छोड़ दिया था। रविवार देर रात दो गोवंश की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। किसी ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जानकारी पर हल्का लेखपाल सुरेंद्र सिंह पहुंचे। अधिकारियों व पशु चिकित्सक को अवगत कराया। पशु पालन विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम किया और प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी में जेसीबी से गड्ढा करा दोनों शव दफन कर दिए। उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि कोई तहरीर नहीं दी गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहर सिंह ने बताया कि खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## महिला अस्पताल: बाहर के हैंडपंप से पानी भरकर या खरीदकर लाना तीमारदारों की मजबूरी

# कर्मचारियों का आरओ ही खराब, मरीजों-तीमारदारों की कौन करे फिक्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भीषण गर्मी में ठंडे पानी के लिए परेशानी उठा रहे मरीज, कर्मचारी भी भटकते हैं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। वे लोग पीने का पानी बाहर से मंगाते हैं। वहीं कर्मचारियों के लिए लगाया गया आरओ ही कई महीने से खराब है। उन्हें भी पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ती है।

जिला महिला अस्पताल में पहली मंजिल पर प्राइवेट वार्ड के बराबर में करीब तीन साल पूर्व आरओ लगाया गया था। एक साल बाद आरओ खराब हो गया। तभी से पानी की दिक्कत बनी हुयी है। एक कर्मचारी ने बताया कि आरओ कर्मचारियों के लिए लगाया गया था। खराब होने से दिक्कत बढ़ गई है। यदि पानी की जरूरत होती है तो बाहर से मंगाना पड़ता है। इसी तरह दूसरी मंजिल पर पानी की कोई सुविधा नहीं है। यहां पर मरीजों के तीमारदार इंधर-उधर से पानी का इंतजाम करते हैं।

चार मंजिल अस्पताल की नई बिल्डिंग में मात्र ग्राउंड फ्लोर पर एक जगह पर टंकी का पानी मिलता है।

जबकि पूरी बिल्डिंग में पानी नहीं है। अस्पताल बिल्डिंग के बाहर एक जगह ठंडा पानी मिलता है, जो काफी दूरी पर है। यहां से मरीज बोतल में पानी भर कर ऊपर ले जाते हैं जबकि कई तीमारदार पानी खरीद कर लाते हैं। ग्राउंड फ्लोर पर ओपीडी के निकट पानी की टंकी है। वहां ठंडा पानी पहले मिलता था। कुछ दिन टंकी खराब रही। फिर से टंकी को चालू कराया गया तो ठंडा पानी नहीं मिला।

> प्राइवेट वार्ड के निकट लगा आरओ कुछ समय से खराब हो गया है। यह आरओ कर्मचारियों और मरीजों के लिए लगाया गया था। आरओ जल्द ठीक करा दिया जाएगा। पानी की समस्या को लेकर कुछ कर्मचारियों ने भी शिकायत की है। टेक्नीशियन को बुला कर आरओ ठीक करा दिया जाएगा। तीसरी मंजिल पर आरओ लगा है। नई बिल्डिंग में आरओ लगाए गए हैं, जिससे मरीजों को साफ स्वच्छ पानी मिलता रहे।
> –डा. इंदु कांत वर्मा, सीएमएस


जिला महिला अस्पताल में खराब आरओ।

## एक नजर

### दबंगों ने किसान से छीन ली नगदी, पुलिस से शिकायत

**बिल्सी।** थाना क्षेत्र के गांव शहजादनगर खेड़ा में निवासी किसान हसन मोहम्मद पुत्र अली मोहम्मद रविवार की शाम अपनी गेहूं की फसल को बेच कर गांव के लिए छोटा हाथी से घर गया। वह गांव पहुंचा तो गांव के निकट दो शराबियों ने उसे रोक लिया और उससे शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगे। हसन मोहम्मद मना कर दिया। जिसके बाद दबंग शराबियों ने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। साथ ही उसकी जेब में रखी 39 हजार रुपए की नगदी छीन ली। पीड़ित किसान ने सोमवार को इसकी सूचना थाना पुलिस को दी।

### बाइक से गिरी महिला इलाज के दौरान मौत

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिसौली क्षेत्र के गांव बगरैन के निकट थाना क्षेत्र के गांव नाई पिंडरी निवासी एक महिला रविवार की शाम बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गई। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के गांव नाई पिंडरी निवासी रामवती पत्नी धर्मपाल रविवार की शाम अपने भतीजे प्रदीप कुमार के साथ बाइक से बिसौली क्षेत्र के गांव दलीपुर में अपने मायके एक शादी में शामिल होने जा रही थी। जैसे ही उनकी बाइक बगरैन गांव के निकट पहुंचे तभी रामवती बाइक से अचानक से सड़क पर गिर गई। जिनके सिर में गंभीर चोट आई। आनन-फानन में परिवार के लोगों ने इलाज के लिए बगरैन और आंवला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी कुछ देर बाद मौत हो गई। परिजनों ने महिला के शव का कछला गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

# वार्ड फुल, बेंच पर किया जा रहा मरीजों का इलाज

## भीषण गर्मी में डायरिया और टाइफाइड के बढ़े मरीज, जिला अस्पताल की ओपीडी में लग रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही डायरिया और टाइफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जिला अस्पताल के वार्ड भी फुल हो गए हैं। बेड कम पड़ जाने पर मरीजों को बेंचों पर भर्ती किया जा रहा है। अस्पताल में मरीज भी लगातार बढ़ रहे हैं।

जिला अस्पताल में इन दिनों डायरिया, टाइफाइड के मरीजों की संख्या हर रोज बढ़ रही है। जिला अस्पताल के पेइंग वार्ड में कुल 21 वेड हैं। जबकि मरीज 25 हैं। चार मरीज बेंचों पर भर्ती किए गए हैं। बेंचों पर ही मरीजों को ड्रिप लगाई जा रही है। उनके परिजन भी इधर-उधर बैठे रहते हैं। जबकि वेड पर भर्ती मरीजों को चार से पांच दिन का समय ठीक होने में लग रहा है।

उधर हीट स्ट्रोक वार्ड में भी मरीजों की संख्या बढ़ जाने से वार्ड फुल हो गया है। इस इस वार्ड में पन्द्रह दिन पूर्व तक दो तीन मरीज भर्ती थे लेकिन आज 21 बेड का वार्ड मरीजों से फुल है। इस वार्ड में भी हर रोज एक दो मरीज भर्ती किया जा रहा है। हालांकि कुछ मरीजों की छुट्टी भी की जाती है। मरीजों की संख्या को देख कर चिकित्सक भी हैरान हैं।

चिकित्सकों का कहना है कि मई के महीने में ही मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है तो जून और जुलाई में क्या स्थिति होगी। चिकित्सकों का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में सफाई पर ध्यान नही दिया जा रहा है। इसलिए टाइफाइड बन रहा है। ऐसे में सफाई रखनी जरूरी है। वासी खाना न लें। साफ पानी पिएं, अधिक ठंडा पानी पीने से बचें, शरीर में पहले दर्द होता है, फिर बुखार आता है। टाइफाइड के मरीज कई दिनो से आ रहे हैं लेकिन एक सप्ताह से टाइफाइड के मरीजों की संख्या अधिक बढ़ी है। पेइंग वार्ड में 11 मरीज टाइफाइड के हैं। जबकि 14 मरीज बुखार के भर्ती हैं। अन्य वार्डों में भी बुखार के मरीज भर्ती हैं।


बेंच पर महिला को लगाई गई ड्रिप।


मरीजों से भरा जिला अस्पताल का पेइंग वार्ड। ● अमृत विचार

- अस्पताल के पेइंग वार्ड में बेंचों पर भर्ती किए जा रहे मरीज

> जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। पेइंग वार्ड में कुछ मरीजों को बेंचों पर भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। मरीजों की संख्या और बढ़ती है तो अलग से बेड लगाए जाएंगे। मरीजों का उपचार किया जा रहा है। किसी को दिक्कत नही हो रही है। –डा. कप्तान सिंह, सीएमएस

### ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में आ रहे मरीज

जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह से मरीजों की लाइन लगनी शुरू हो जाती हैं। जो दोपहर तक जारी रहती हैं। कई गंभीर मरीजों को भर्ती किया जाता है। हर सोमवार को जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ अधिक होती है। मरीज लाइन में लगकर पहले पर्चा बनवाता है, उसके बाद डॉक्टर के पास पहुंचने को लाइन में लगता है। फिर दवा काउंटर पर लाइन में लग कर दवा लेता है जिससे उसकी हालत और बिगड़ जाती है।

### पेइंग वार्ड में गर्मी से मरीज बेहाल

पेइंग वार्ड में 12 बेड होने के बाद भी एक भी एसी नहीं लगाया गया है। केवल पंखे लगे हैं जिससे वार्ड में भारी उमस से मरीज और तीमारदार परेशान रहते हैं। महिला तीमारदार हाथ से पंखा झलती हैं। फिर भी उन्हें गर्मी और उमस से राहत नहीं मिलती है। इस वार्ड में गर्मी अधिक होने के कारण कुछ मरीज वार्ड से बाहर बैठे दिखे।

# जीआरपी ने खंगाले कोच यात्रियों का सामान किया चेक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ रही है। सुरक्षा व्यवस्था को संभाले रखना बड़ी चुनौती बनी हुयी है। सोमवार को दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन जब रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो जीआरपी ने चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान चेक किया गया। इधर-उधर घूम रहे लोगों से पूछताछ की गयी।

सोमवार को 11:47 पर साप्ताहिक ट्रेन दरभंगा एक्सप्रेस यहां पहुंची तो सैकड़ों यात्री ट्रेन में चढ़े और उतरे। जीआरपी एसओ पिंकी चौहान ने पुलिस बल के साथ ट्रेन के अंदर चेकिंग अभियान चलाया। ट्रेन में सो रहे यात्रियों को जगा कर उनसे पूछताछ की। यात्रियों का सामान भी चेक किया। कई लोगों से उनका नाम पता पूछा। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान चेक किया। कुछ लोग इधर-उधर घूमते दिखे उनको रोक कर घूमने का कारण पूछा तो वे लोग सकपका गए।


रेलवे स्टेशन पर यात्री का सामान चेक करतीं एसओ पिंकी चौहान। ● अमृत विचार

- दरभंगा एक्सप्रेस में चला चेकिंग अभियान, इधर-उधर घूम रहे लोगों से की पूछताछ

> ट्रेन में हर रोज चेकिंग की जाती है। यात्रियों से पूछताछ की जाती है। ट्रेनों में अवैध रूप से खाने-पीने का सामान बेचने वालों को बाहर किया जाता है। यात्रियों को सतर्क किया जाता है कि इन लोगों से कोई सामान न लें। इस समय ट्रेनों में भीड़ अधिक है इसलिए चेकिंग अभियान चलाया जाता है। –पिंकी चौहान, एसओ जीआरपी

# चार महीने से स्कूल नहीं आ रही थी शिक्षिका, बीएसए ने किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शिकायत होने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने किया था मोतीपुर स्कूल का निरीक्षण
- शिक्षिका ने तीन हजार रुपये महीने पर किसी अन्य को पढ़ाने के लिए लगा रखा था

**अमृत विचार:** चार माह से अनुपस्थित चल रही शिक्षिका को बीएसए ने निलंबित कर दिया है। उसने अपनी जगह पर गांव की ही एक लड़की को तीन हजार रुपये महीने में पढ़ाने के लिए लगा रहा था। शिक्षिका के स्कूल न आने की शिकायत गांव के लोगों ने आईजीआरएस में की थी। जिसकी जांच बीईओ द्वारा की गई। अनुपस्थित मिलने पर बीईओ ने शिक्षिका को निलंबित करने की संस्तुति की थी।

आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव मोतीपुरा प्राथमिक स्कूल में कार्यरत शिक्षिका पिछले चार माह से स्कूल नहीं आ रही थी। शिक्षिका ने तीन हजार रुपये महीने पर गांव की लड़की को स्कूल में लगा रखा था। इससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से चौपट हो गई थी। बच्चे स्कूल में जाते और बिना पढ़े ही लौट आते। जिस पर गांव के कुछ लोगों ने खंड शिक्षा अधिकारी ओमेंद्र दत्त तिवारी से शिकायत की थी। परंतु ग्रामीणों की शिकायत को बीईओ ने अनसुना कर दिया।

इसके बाद ग्रामरणों ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की। जिस पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश कर दिया।

चार मई को जांच करने पहुंचे बीईओ को स्कूल बंद मिला। ग्रामीण हेमपाल, मुन्ना, प्रेमपाल, अजय आदि ने बताया शिक्षिका प्रीति कई माह से अनुपस्थित चल रही हैं। शिक्षिका ने गांव निवासी रेखा नाम की किशोरी को तीन हजार रुपये महीने में पढ़ाने रख छोड़ा है। बीईओ के पूछने पर रेखा ने भी इस बात की पुष्टि की। जिस पर बीईओ ने शिक्षिका प्रीति को निलंबित करने की संस्तुति कर दी। बीईओ द्वारा जांच रिपोर्ट मिलने के बाद बीएसए स्वाती भारती ने शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। साथ ही आरोप पत्र देते हुए जवाब मांगा है।

# शहर के चार केंद्रों पर नौ जून को होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**बदायूं, अमृत विचार:** शहर के चार कॉलेजों बीएड की प्रवेश परीक्षा नौ जून को होगी। परीक्षा को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

डीएम मनोज कुमार ने अधिकारियों से कहा कि बीएड की परीक्षा के लिए चार केंद्रों एनएमएसएन दास पीजी कॉलेज, एसके इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय व राजकीय कन्या इण्टर कालेज में परीक्षा होगी। इनमें साफ-सफाई, प्रकाश, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया जाए। बताया कि परीक्षा दो पालियों में सीसीटीवी की निगरानी में सम्पन्न होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, एडीएम प्रशासन रेनू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली में भिड़ी डीसीएम, किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- रविवार को गांव उस्मानपुर के महावा पुल पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** गेहूं बेचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा रहे किसान को डीसीएम ने टक्कर मार दी। किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।


मृतक हरवीर।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव काकसी निवासी हरवीर (38) पुत्र सुरेंद्र सिंह खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। रविवार को वह गेहूं बेचने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से जिला संभल के कस्बा बबराला जा रहे थे। जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव उस्मानपुर पर महावा पुल के पास तेज रफ्तार से पीछे से आई डीसीएम ने ट्रॉली को टक्कर मार दी। हरवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने डीसीएम के चालक को पकड़ा लिया। रहागीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें सीएचसी ले गई। जहां रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए। सीएचसी पर चिकित्सक ने हरवीर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया।

**सड़क किनारे घायल मिला मजदूर, अस्पताल में मौत: बदायूं :** मजदूरी करने के लिए घर से गया युवक बिसौली-दबतोरी मार्ग किनारे घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने उसी सीएचसी पर भर्ती कराया। युवक की तलाश करते हुए परिजन पहुंचे। उन्होंने सीएचसी से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां युवक की मौत हो गई। बिसौली कोतवाली क्षेत्र की शिव कॉलोनी निवासी दर्शन (38) मजदूरी करते थे। रविवार को वह मजदूरी करने के लिए घर से निकले थे। देर शाम वापस नहीं लौटे। परिजनों ने कस्बा के अलावा रिश्तेदारी में भी उनके बारे में जानकारी की लेकिन पता नहीं चला। तो पुलिस को अवगत कराया। देर रात पुलिस ने दर्शन के परिजनों को बताया कि एक युवक बिसौली-दबतोरी मार्ग पर घायल मिला है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। परिजन सीएचसी पहुंचे। युवक की दर्शन के रूप में पहचान की। चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों दर्शन को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां रविवार आधी रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

### दवा लेने गए बुजुर्ग की वाहन की टक्कर से मौत

**वजीरगंज।** दवा लेकर लौट रहे बुजुर्ग को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग की मौत हो गई। चालक वाहन लेकर भाग गया। बुजुर्ग की शिनाख्त वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव बरीपुरा निवासी प्रीतम सिंह के रूप में हुई। वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव बरीपुरा निवासी प्रीतम सिंह सोमवार सुबह वह अपनी दवा लेने के लिए कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव मदनजुड़ी में एक वैद्य के पास गए। दवा लेने के बाद वह पैदल जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मारी और भाग गया। आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। तब तक की उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवा दिया। दोपहर तक घर न पहुंचने पर उनकी पत्नी जयश्री तलाशते हुए बिसौली गईं। जहां पुलिस ने उन्हें हादसे के बारे में बताया। वह मोर्चरी आईं और अपने पति के रूप में शिनाख्त की। मृतक के भतीजे गुड्डू की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# ससुराल में झुलसी महिला ने अस्पताल में तोड़ दिया दम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पिता ने दामाद सहित चार ससुरालियों पर लगाया था आरोप

**अमृत विचार :** ससुराल में खाना बनाते समय गंभीर रूप ये झुलसी महिला अस्पताल में जिंदगी के लिए जंग हार गई। महिला के पिता की तहरीर पर पुलिस पति और जेठ को जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।


मृतका भारती।

सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर के गली नंबर छह निवासी लालता प्रसाद ने बेटी भारती की शादी गांव गालम पट्टी निवासी विक्रम सिंह के पुत्र धर्मवीर के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। भारती ने एक मार्च को एसएसपी से शिकायत की थी। इसके बाद महिला थाने में समझौता हो गया। 29 अप्रैल को भारती रसोइघर में खाना बनाने गई थी। सिलेंडर लीक होने के चलते आग लगी गई और भारती गंभीर रूप से झुलस गई। पिता लालता प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी कि ससुरालीजनों ने गैस लीक कर दी थी। भारती रसोइघर में गई तो बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। भारती चीखती रही लेकिन दरवाजा नहीं खोला गया। वह गंभीर रूप से झुलस गई तब ससुरालीजनों ने दरवाजा खोला।

मायके वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया जहां से रेफर कर दिया। उसे बरेली के कई अस्पताल ले गये जहां भर्ती करने से इंकार कर दिया। परिजनों ने भारती को दोबारा जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां मौत हो गई। पुलिस आरोपी पति धर्मवीर, जेठ धर्मेंद्र को जेल भेज चुकी है। अन्य दो आरोपी नीलम व विक्रम की तलाश की जा रही है।

# जिलें में 50,36,340 पौधों का होगा रोपण

**बदायूं, अमृत विचार:** मानसून सीजन में जनपद को 50,36,340 पौधारोपण करने का लक्ष्य मिला है। डीएम ने अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में हुई बैठक के दौरान डीएम मनोज कुमार ने कहा कि इस वर्ष के वृक्षारोपण के लिए सभी विभागीय अधिकारी एक सप्ताह में कार्य योजना बनाकर वन विभाग को उपलब्ध कराएं। गत 3 वर्षों में किए गए वृक्षारोपण की सूचना 22 मई तक उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने बताया कि पौधारोपण के लिए गड्ढा खोदने का कार्य 30 मई तक पूर्ण कर लिया जाए। कहा कि इस बार जनपद की तहसील सदर व दातागंज में 50-50 हेक्टेयर के बड़े भूखंड पर वृक्षारोपण कराया जाएगा। सीडीओ केशव कुमार, एडीएम प्रशासन रेनू सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार, जिला वन अधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सवारियों को लेकर विवाद, बस चालक से मारपीट, फेंके पत्थर

संवाददाता, बिसौली

- सोमवार सुबह बिसौली बस अड्डा पर दोनों चालकों में विवाद के बाद रास्ते में घेरकर हमला
- बरेली डिपो की बसें चलाते हैं दोनों चालक, एक चालक ने पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** अपने गांव के चालक की पिटाई से आक्रोशित लोगों ने एक रोडवेज बस को घेर लिया। चालक को धुन दिया और बस पर पत्थर फेंके। सवारियों ने सीट के नीचे छुपकर जान बचाई। चालक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। देर शाम तक दोनों पक्षों के बीच समझौते का प्रयास चल रहा था।

बिसौली के मोहल्ला नई बस्ती के वार्ड 17 निवासी आसिफ अली और गांव दिसौलीगंज निवासी अवधेश बरेली डिपो में बस चालक हैं। आसिफ अली और अवधेश सोमवार सुबह लगभग 8 बजे बस लेकर बिसौली बस अड्डा पर पहुंचे। सवारियां बैठाने को लेकर दोनों में विवाद हो गया। आरोप है कि आसिफ ने अवधेश से मारपीट की जिसमें वह घायल हो गया। लोगों के समझाने पर मामला शांत हो गया। इसके बाद अवधेश अपनी बस लेकर चला गया। वह अपने गांव के पास पहुंचा और बस आड़ी-तिरछी खड़ी कर दी।

आसिफ भी पीछे से बस लेकर आ गया। आगे आड़ी-तिरछी बस खड़ी होने के चलते वह अपनी बस नहीं निकाल पाया। इस दौरान अवधेश के परिजन और कुछ ग्रामीण आ गए। आसिफ को बस से खींचने की कोशिश की लेकिन उसने दरवाजा भीतर से बंद कर लिया।

हमलावरों ने बस और दरवाजे पर डंडे मारे। गाली-गलौज करते हुए आसिफ की पिटाई कर दी। बस पर पत्थर फेंके जिससे शीशे टूट गए।

बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। वे सीटों के नीचे छिप गए। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक अवधेश कुमार मौके पर पहुंचे। आसिफ ने कोतवाली बिसौली पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि अवधेश ने धमकी दी है कि अगर इस रूट पर बस चलाई तो जान से मार देगा। बिसौली कोतवाल सुनील अहलावत ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। निगम के अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

> दोनों चालक आपस में किसी बात को लेकर लड़ गए थे। मामले की शिकायत मिली है। जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –संजीव कुमार श्रीवास्तव, एआरएम बरेली डिपो

# जहर खाए प्रेमी की कल ही हो गई मौत, युवती ने भी तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- प्रेमी के विषाक्त पदार्थ खाने के बाद युवती ने भी खा लिया था जहर, बरेली में भर्ती थी
- दोनों में पिछले दो साल से प्रेम संबंध था, परिजनों ने युवती की दूसरी जगह तय की थी शादी

**अमृत विचार :** वीडियो कॉलिंग कर प्रेमी युगल ने विषाक्त पदार्थ खा लिया था। कुछ देर के बाद प्रेमी ने दम तोड़ दिया जबकि प्रेमिका को उसके परिजनों ने बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को इलाज के दौरान युवती ने भी दम तोड़ दिया। बरेली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को दे दिया। वहीं कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। दोनों के परिजनों में कोहराम मच गया।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव के रहने वाले युवक-युवती के बीच दो साल से प्रेम प्रसंग था। परिजनों को दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई तो आपत्ति कर दोनों के मिलने पर बंदिशें लगाने लगे। कुछ समय पहले युवती के परिजनों ने उसकी शादी दूसरे युवक से तय कर दी जिससे प्रेमी युगल अवसाद में आ गया। रविवार दोपहर दोनों ने वीडियो कॉलिंग की। फिर विषाक्त पदार्थ खा लिया।

युवक के परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। युवती की हालत गंभीर होने पर परिजन बरेली के अस्पताल ले गए। सोमवार सुबह युवती ने दम तोड़ दिया। दोनों परिवार में कोहराम मच गया। सिविल लाइन कोतवाल गौरव विश्नोई ने बताया किकिसी की ओर से भी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# बिजली कटौती को लेकर भड़का आक्रोश, जगह-जगह प्रदर्शन

## भाकियू ने पंचायत कर अधिकारियों पर लगाया अनदेखी का आरोप, भीषण गर्मी में बिजली गुल रहने से हर कोई परेशान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



सिढ़पुरा उपकेंद्र पर अघोषित बिजली कटौती के विरोध में धरना-प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से हर कोई गुस्से में है। अफसरों की मनमानी के खिलाफ सोमवार को लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। जिले में बिजली कटौती को लेकर जगह-जगह विभिन्न संगठनों विरोध प्रदर्शन किया। सिढ़पुरा विद्युत उपकेंद्र पर भाकियू अराजनैतिक ने धरना प्रदर्शन किया। धरने के बाद डीएम को संबोधित मांग पत्र एसडीओ को सौंपा।

धरना-प्रदर्शन के दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष संजय प्रजापति ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि किसानों को नजर अंदाज कर रहे हैं। रोजाना अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। नए मीटर लगाए जाने के नाम किसानों से सुविधा शुल्क मांगा जा रहा है। जब भी क्षेत्र में कोई विद्युत संबंधी समस्या होती है तो विभागीय अधिकारी अनदेखी करते हैं। फोन करने पर अधिकारियों के मोबाइल बंद रहते हैं। मोबाइल खुला होने पर अधिकारी काल रिसीव नहीं करते हैं। गंजडुंडवारा, सिढ़पुरा, पटियाली क्षेत्रों में जमकर अघोषित कटौती हो रही है। बिजली न आने से खेतों में खड़ी मक्का, मूंगफली, ज्वार की फसलें, हारा चारा और सब्जियां सूख रही हैं, जिससे किसान परेशान हैं। धरने के बाद डीएम सुधा वर्मा को भेजे ज्ञापन में किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है। इस दौरान लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, तालेबर सिंह, प्रेमपाल सिंह, अनिल कुमार, देशराज सिंह, विजयपाल आदि मौजूद रहे।

**सोरों में विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन :** तीर्थ नगरी सोरों में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता व डीएम कार्यालय पर पहुंचकर अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ज्ञापन दिया। प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य ने कहा कि तीर्थ नगरी में बिजली की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है। जिससे लोगों में आक्रोश है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कस्बे में एक हफ्ते पहले नया केबल डाला गया था, जो लोड नहीं उठा पा रहा है। बार-बार केबल टूटकर गिर रहा है। जिससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने पूर्ण भरोसा दिलाया कि सोरों शूकर क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती में सुधार किया जाएगा। इसमें बजरंग दल के प्रखंड संयोजक गोविंद महेरे, सुधांशु भारद्वाज, अभिषेक वशिष्ठ, विजय दीक्षित, आकाश गोस्वामी, यश महेरे, अनमोल पाटकर, श्रीकृष्ण कश्यप, लकी पाराशरी, राज बहादुर सिंह बघेल, शिवम चरोरे, सतीश चरोरे, शिवम नंबरदार मौजूद रहे। इधर, व्यापारियों एवं तीर्थ पुरोहित ने तीर्थ नगरी के बाजार में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया।

### सपा कार्यकर्ताओं ने गंजडुंडवारा उपकेंद्र पर किया हंगामा

**गंजडुंडवारा :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गंजडुंडवारा के अधिशासी अभियंता ग्रामीण कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अजय कुमार सविता को दिए ज्ञापन में कहा कि जिले में बिजली की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है। भीषण गर्मी होने के बावजूद बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिजली की पर्याप्त आपूर्ति कराएं ताकि लोग चैन की सांस ले सकें। बिजली न के बराबर आने से किसानों के ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं, जिससे सिंचाई नहीं हो पा रही है। सिंचाई न हो पाने से किसानों की फसलें सूखने के कगार पर हैं। किसानों के ट्यूबवेलों को बिजली मुहैया कराई जाए ताकि वह फसलों की सिंचाई कर सकें। जिले में कई जगह हाई टेंशन वायर बहुत नीचे हो गए हैं जिससे समय-समय पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अभी हाल ही में गंजडुंडवारा ब्लॉक में एक ट्रैक्टर की घटना हुई थी जो हाई टेंशन वायर की चपेट में आ गया था। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी। इन हाई टेंशन वायर को ऊपर कराया जाए। जिससे इस तरह की घटनाओं को दोबारा होने से बचाया जा सके। प्रदर्शन में पुष्पेंद्र यादव, मनोज यादव, प्रियांशु जोहरी, उमेश चंद्र, भानु कुमार, ऋषि पाल, गिरीश बाबू, मंतोष शामिल रहे।



डीएम सुधा वर्मा को ज्ञापन देते बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



अधिशासी अभियंता कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता।



अघोषित बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते व्यापारी और पुरोहित।

# घूस मांगने के आरोप में अधीक्षण अभियंता निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

- **अवर अभियंताओं ने प्रबंध निदेशक से की थी शिकायत**
- **घूस मांगने का आडियो सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल**

**अमृत विचारः** अवर अभियंता से घूस में एसी व सोफा आदि मांगने के आरोपी विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता पर आखिर गाज गिर गई है। उन्हें निलंबित कर दिया गया है। इस मामले की जांच शुरु कर दी गई है। इस कार्रवाई से अधीक्षण अभियंता की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक ओडियो वायरल हुआ था। इसमें अधीक्षण अभियंता घूस में एसी मांग रहे थे। जेई ने यह मामला अपने अन्य साथियों के संज्ञान में दिया। इसके बाद मामले की शिकायत विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक अमित किशोर से की गई थी।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने अधीक्षण अभियंता के खिलाफ जांच के लिए कमेटी गठित की थी। जांच में प्रथम दृष्टया अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार को दोषी माना गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही सभी बिंदुओं पर जांच शुरु करा दी गई है। इधर, अधीक्षण अभियंता ने अपने ऊपर लगे आरोप निराधार और बेबुनियाद बताए हैं। हालांकि निलंबन के बाद जांच टीम अपनी अंतिम रिपोर्ट तैयार कर निदेशक को सौपेंगी।

> मेरे ऊपर लगे आरोप निराधार है। अवर अभियंताओं पर शिकंजा कसने के कारण मेरी शिकायत की गई। इसलिए यह कार्रवाई की गई है। मैं मजबूती से अपना पक्ष उच्च अधिकारियों के समक्ष रखूंगा।
> **– मनोज कुमार**, अधीक्षण अभियंता

विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार पर हुई कार्रवाई चर्चा का विषय बन गई है। इसको लेकर महकमे में खलबली मच गई है। वहीं, अवर अभियंताओं ने इस कार्रवाई को सही ठहराया है। इसके साथ ही आडियो दोबारा वायरल कर दिया है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणियां भी की जा रही हैं।

### ढोलना पुलिस ने चोरी का आरोपी किया गिरफ्तार

**कासगंज।** थाना ढोलना पुलिस ने सूचना के आधार पर चोरी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी प्रेम किशोर निवासी ग्राम गौशपुर भूपालगढ़ी थाना ढोलना को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त के विरुद्ध थाना ढोलना पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

### शहर में आज

- कस्बा सहावर के मामू भांजा दरगाह पर उर्स में कुल शरीफ शाम चार बजे।
- बौद्ध कथा का वाचन सहावर के गांव सुजानपुर में दोपहर 12 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

### एक नजर

#### गंगा में डूबे बालक का दूसरे दिन शव मिला

**गंजडुंडवारा।** रविवार को गंगा स्नान के दौरान डूबे बालक का शव सोमवार को कादरगंज गंगाघाट पर मिला है। इससे परिवार में कोहराम मच गया है। गंजडुंडवारा कादरगंज गंगा घाट पर रविवार को स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने से 11 वर्षीय बालक भोला पानी में डूबने से लापता हो गया था। उसे बचाने के चक्कर में पिता सुखबीर, मां सावित्री एवं भाई अंकित भी गंगा में डूब गए थे, जिन्हें बांध पर कार्य कर रहे लोगों ने बचा लिया था। नायब तहसीलदार की निगरानी में स्थानीय गोताखोरों की सहायता से तलाश की गई। भोला का शव खोजकर बाहर निकाला। शव देखकर वहां मौजूद बालक के परिजन बिलखने लगे। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया और शव अपने साथ ले गए।

#### मतगणना से संबंधित बैठक आज

**कासगंज।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा की अध्यक्षता में लोक सभा सामान्य निर्वाचन एटा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना चार जून को सकुशल, एवं पारदर्शी संपन्न कराने के लिए आज कलक्ट्रेट सभागार में बैठक होगी। जिसमें प्रत्याशी स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता समय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# गंगेश्वर कॉलोनी में सरेआम फायरिंग कर फैलाई दहशत, दो लोग गिरफ्तार



कार्यालय संवाददाता, कासगंज

> लवकुश नगर में एक घटना हुई, जिसमें कुछ लोगों ने दहशत फैलाने का प्रयास किया। पुलिस ने समय रहते शांति व्यवस्था कायम कर ली। दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए हैं। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।
> **–अजीत चौहान**, सीओ सिटी

- **रविवार देर रात हुई घटना, घंटों दहशत में रहे लोग**
- **आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच में जुटी पुलिस**

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगेश्वर कॉलोनी में रविवार की देर रात दहशत का माहौल फैल गया। यहां नामजदों ने फायरिंग की। हाथों में लाठी डंडे लेकर रंगदारी दिखाने के लिए अपना रौब जमाया।

हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। मामला गंगेश्वर कॉलोनी में रविवार देर रात का है। यहां निवासी विवेक दुबे ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

उनका आरोप है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा हाथों में लाठी डंडे व तमंचे लेकर कॉलोनी में आकर दबंगई दिखाने के लिए गाली गलौज एवं मारपीट की जा रही थी। कॉलोनी में इतना भय एवं दहशत का माहौल फैल गया कि लोग अपने जूते चप्पल छोड़कर घरों में जाकर कैद हो गए। सूचना पर सिटी अजीत चौहान मौके पर पहुंचे। पुलिस फोर्स भी बुला लिया गया।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी गंगेश्वर कालोनी निवासी अभय, लवकुश नगर निवासी आदित्य, माधवपुरी निवासी किट्टू, लवकुश नगर निवासी तूफान और सूरज के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली। इनके अलावा पांच लोग अज्ञात हैं। इधर, मोहल्ले में दहशत का माहौल होने के कारण पुलिस ने रात भर पहरा दिया। पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार कर लिया है।

# निशुल्क कोचिंग में प्रशिक्षण देने के लिए ऑनलाइन आवेदन करें

**कासगंज, अमृत विचार :** समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय ने बताया है कि प्रत्येक जनपद में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग योजना संचालित है। इस योजना के तहत ऐसे विषय विशेषज्ञ जो नीट, जेईई, पीसीएस, आईएएस या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में किसी एक विषय का प्रशिक्षण देना चाहते हैं। वे इस योजना के तहत अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है। निर्धारित प्राविधानों के अंतर्गत विषय विशेषज्ञ को 2000 प्रति व्याख्यान मानदेय का भुगतान किया जाएगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जून। कक्षाओं का संचालन एक जुलाई से एसकेएम इंटर कॉलेज नदरई गेट में किया जाएगा।

# भीषण गर्मी ने घटाई रोडवेज की आमदनी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



यात्रियों के इंतजार में खड़ी बस।

- **गर्मी के कारण नहीं मिल रहीं सवारियां, खाली दौड़ रहीं बसें**
- **दिल्ली के अलावा दूसरे मार्गों पर नहीं हैं एसी बसें**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और लोकसभा चुनाव की वजह से कासगंज डिपो की आय में भारी कमी आयी है। गर्मी के कारण यात्री परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने से परहेज कर रहे हैं, जिससे बसें खाली दौड़ रही हैं। कासगंज से दिल्ली मार्ग पर एसी बसों का संचालन होता है। जबकि अन्य मार्गों पर कोई एसी बस नहीं है।

आजकल सुबह से ही आसमान से आग बरसने लगती है, जिससे आमजन जन जीवन अस्त-व्यस्त है। लोग जरूरी कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। तेज धूप और भीषण गर्मी में बसों में यात्रा करना तो लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। ऐसे में लोग रोडवेज बसों में यात्रा करने से बच रहे हैं। निगम द्वारा चलाई जा रही एसी बसों के लिए तो यात्री उपलब्ध हैं, लेकिन सामान्य बसों के लिए यात्रियों की संख्या न के बराबर रह गई है। तपती दोपहरी में सड़कों पर दौड़ रहीं निगम की बसें अधिकांश खाली ही दिखाई देती है। जबकि सुबह और शाम को यात्री तो रहते हैं, लेकिन बसों में संख्या कम है।

> इन दिनों गर्मी अधिक पड़ रही है। लिहाजा यात्री नहीं निकल रहे हैं। इसका प्रभाव कासगंज डिपो की आय पर भी पड़ रहा है। वैसे तो यह प्रभाव पूरे प्रदेश में है। अभी कुछ दिनों तक गर्मी के कारण के आय प्रभावित रहेगी।
> **– ओउम प्रकाश**, एआरएम

#### आंकड़े एक नजर में

- कासगंज डिपो में कुल बसें : 97
- कुल अनुबंधित बसें : 31

#### 20 फीसदी तक गिरी परिवहन निगम की आय

सामान्य दिनों में कासगंज डिपो को प्रतिदिन लगभग दो लाख रुपये की आय होती है। जब निगम की बसें चुनाव में चली गईं तब निगम की आय में कुछ कमी आ गई थी। अब भीषण गर्मी में निगम की आय में काफी गिरावट आई है। गर्मी की वजह से लगभग 20 फीसद आय में कमी आयी है। अधिकारियों का कहना है कि 35 से 40000 रुपये प्रतिदिन की आय में कमी आई है।

# चोटी भेदक कीट से फीकी हो सकती है गन्ने की मिठास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- **गन्ने में लगा रोग, गांव- गांव पहुंच रहीं जांच परख टीमें**
- **किसानों को सावधानी बरतने की दी जा रही सलाह**

> जिले में चोटी भेदक कीट का खतरा बढ़ गया है। किसान सावधानी बरतें। किसान गन्ना विशेषज्ञों से सलाह लेकर गन्ने की फसल को बचाएं और पैदावार बढ़ाएं। –**ओमप्रकाश सिंह**, जिला गन्ना अधिकारी

**अमृत विचारः** जिले में चोटी भेदक कीट गन्ने की मिठास को फीका कर रहा है। गन्ने में रोग पर विभाग के अधिकारी गांव –गांव जाकर जांच कर रहे हैं। किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

गन्ने की फसल पर चोटी भेदक कीट का हमला हुआ है। यह कीट गन्ने की पत्ती की निचली सतह पर बैठकर फसल को नुकसान पहुंचा रही है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। लगातार बढ़ती गर्मी में कीट लगने से गन्ने की पैदावार पर भी असर पड़ सकता है। जिले में पिराई सत्र 2024 के लिए जिले के किसानों ने फरवरी माह से गन्ने की बुवाई की थी। इस बार फसल पर अभी से चोटी बेधक (टाप बोरर) कीट ने हमला कर दिया है। गन्ने की प्रथम एवं द्वितीय पीढ़ी से ही कीट का प्रकोप देखा जा रहा है। फसल पर कीट के हमले की जानकारी मिलते ही गन्ना विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने किसानों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खेत सिंह का कहना है कि मौसम में गर्मी बढ़ने से चोटी बेधक कीट लगने का खतरा रहता है।

कीट के हमले से गन्ने के पौधे की बढ़वार रुक जाती है। इसका असर पैदावार पर पड़ता है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि खेत में खड़े गन्ने के पौध में कीटों के अंडे या सूड़ियां दिखाई दें तो उससे प्रभावित पत्तियां तोड़ कर नष्ट कर दें। इससे इस कीट की कीट गन्ने के पौधे की गोफ में नहीं घुस सकें तथा अगली पीढ़ी से होने वाले नुकसान से बचा जा सके। इसका विशेष ध्यान रखा जाए।



न्योली क्षेत्र में गन्ने की फसल देखने पहुंचे गन्ना विभाग के अधिकारी।

# स्कूल हुए बंद, मौज मस्ती के दिन आए

**अमांपुर, अमृत विचारः** कस्बा के सभी निजी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित हो गए। जिससे बच्चे काफी खुश नजर आ रहे है। ग्रीष्मावकाश के बाद अब 18 जून से स्कूल खुलेंगे। इस समय मौसम में काफी गर्मी हैं। भीषण गर्मी के बीच बच्चों को स्कूल काफी अखर रहा था। जैसे ही स्कूलों में बच्चों को ग्रीष्मावकाश की जानकारी दी गई बच्चे खुशी से चहक उठे। बच्चों को 17 जून तक मौज-मस्ती करने का मौका मिलेगा। मई माह में अत्यधिक गर्मी की लहर को देखते हुए गर्मी की छुट्टी की घोषणा की है। बच्चों को अब 29 दिनों तक मौज मस्ती करने का मौका मिलेगा।

# ट्रेन से गिरकर किशोर की मौत



युवक की मौत के बाद घटना की जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

**संवाददाता, अमृत विचारः** कासगंज-कानपुर रेलवे ट्रैक पर दरियावगंज स्टेशन के समीप एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई।

कुलदीप यादव (17) पुत्र रामसागर यादव निवासी ग्राम जमुनीपुरवा थाना अरौल कानपुर अपने परिजनों के साथ जयगुरुदेव मंदिर दर्शन करने गया था। मथुरा से जयपुर गोमती नगर एक्सप्रेस ट्रेन से अपने घर कानपुर लौट रहा था। तभी गेट पर खड़े होने के दौरान कुलदीप अचानक ट्रेन से नीचे गिर गया। इससे ट्रेन में चीख पुकार मच गई। ट्रेन रुकने के बाद देखा तो किशोर की मौत हो चुकी थी।

**दुष्प्रभाव** | अभिभावक नहीं देते ठीक से ध्यान, बच्चे हैं सोशल मीडिया के खतरे से अनजान

# सोशल मीडिया की लत बिगाड़ रही बच्चों की आदत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** सोशल मीडिया से यारी बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रही है। मोबाइल पर सोशल अकाउंट को बार-बार देखने की आदत से मेंटल हेल्थ खराब हो रही है। अभिभावक भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कोरोना काल में आनलाइन पढ़ाई शुरू हुई। इसके लिए बच्चों को स्मार्टफोन और लैपटॉप देने पड़े। कोरोना खत्म होने के बाद स्कूलों में कक्षाएं लगने लगीं। इसके बाद बच्चे स्मार्ट फोन का इस्तेमाल सोशल मीडिया के लिए करने लगे। अधिकांश समय बच्चे फेसबुक और इंस्टाग्राम अदिर पर सक्रियता रहते हैं। सोशल मीडिया के अधिक इस्तेमाल से बच्चों की फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर खतरनाक असर पड़ रहा है। उनकी नींद का पैटर्न बिगड़ रहा है। स्मार्ट फोन की लत से बच्चे हिंसक हो रहे हैं।

**बच्चे सोशल मीडिया पर रहते हैं ज्यादा एक्टिव :** बच्चे मशहूर लोगों से प्रभावित होकर उनके फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट्स को फॉलो करते हैं। बच्चे यह भी जानना चाहते हैं कि उनके दोस्त क्या कर रहे हैं। स्मार्ट फोन का इस्तेमाल गेम्स खेलने में किया जा रहा है। कई बच्चों को गेम खेलने की लत लग जाती है, जिससे वे घंटों फोन पर बिता देते हैं।

> सोशल मीडिया से बच्चों पर ही नहीं समाज पर भी बुरा असर पड़ रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। मोबाइल को जरूरत के हिसाब से प्रयोग करना चाहिए। अक्सर बच्चे सोशल मीडिया देखकर गलत सोहबत में पड़ जा रहे हैं। **– मुकेंद्र कुमार**, प्रधानाध्यापक, नगला देवी

> सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वाले बच्चे बाहरी चीजों के बारे में कुछ नहीं सोच पाते हैं। कोई उन्हें रोकता टोकता है तो बुरा लगता है। कहीं भी हों, लेकिन उनका ध्यान सोशल मीडिया पर रहता है। यही कारण है कि बच्चों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा, आंखों की नजर कम हो रही है। परिवार के प्रति बच्चों के व्यवहार में बदलाव देखा जाता है। जिसे लेकर अभिभावक बड़े चिंतित रहते हैं। **– डा. अंजू यादव**, एमबीबीएस एमएस

#### फिल्मी अंदाज में कर ली थी आत्महत्या

**केस 1** कस्बा सोरों में एक ब्यूटी पार्लर संचालिका के बेटे ने मोबाइल पर वीडियो देखते-देखते फिल्मी अंदाज में आत्महत्या कर ली थी। उस वक्त घर में वह अकेला था। घटना के बाद मोबाइल पास में रखा मिला था, जिसमें वीडियो दर्शायी जा रही थी।

#### पिछले महीने हनीट्रेप में फंसा था किशोर

**केस 2** कुछ दिन पहले कासगंज शहर का एक किशोर हनीट्रेप का शिकार हो गया। एक युवती ने मोबाइल के माध्यम से उसे ब्लेक मैल किया। मोबाइल पर दिल्ली सीबीआई बनकर फर्जी लोगों की काल भी आई। हालांकि बाद में स्थानीय पुलिस का सहारा लेने पर मामला रफा- दफा हो गया।

# बाजार में बिक रहा एरिथ्रोसिन लगा तरबूज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



शहर के सहावर गेट इलाके में बिक्री के लिए रखे तरबूज ● अमृत विचार

- **धंधेबाज कर रहे स्वास्थ्य से खिलवाड़, जांच कर खाएं तरबूज**

**अमृत विचार :** गर्मी में तरबूज स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। इसे खाने से शरीर में पानी की कमी दूर होती है। इससे तरबूज की डिमांड बढ़ जाती है। इन दिनों बाजार में एरिथ्रोसिन केमिकल लगा तरबूज बिक रहा हैं। बीते दिनों मुरादाबाद में तरबूज खाने से एक महिला की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया कि महिला की मौत एरिथ्रोसिन केमिकल की वजह से हुई थी।

सेवानिवृत्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल ने बताया कि तरबूज की जांच करने का सामान्य तरीका से रूई के जरिए की जा सकती है। तरबूज को दो भागों में काटने के बाद इसके कटे हुए हिस्से पर रुई रख दें। अगर इसमें मिलावट है तो रूही लाल हो जाएगी तो माना जाए कि इस तरबूज में इंजेक्शन के जरिए एरिथ्रोसिन केमिकल का उपयोग किया गया है। यदि रूई लाल नहीं होती है तो तरबूज में इसका प्रयोग नहीं हुआ है।

> एरिथ्रोसिन केमिकल लगा तरबूज खाने से पेट दर्द, उल्टी, दस्त, जी मचलाना, भूख न लगना आदि स्वास्थ्य शिकायतें हो सकती हैं। तरबूज खाने से पहले इसकी पहचान करें। किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने पर प्रशिक्षित चिकित्सक को दिखाएं।
> **– डा. राजीव कुमार अग्रवाल**, सीएमओ

# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## शत्रु संपत्ति की जमीन पर नोवा फैक्ट्री प्रबंधन ने कर रखा था अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भिटौना में नोवा फैक्ट्री के कब्जे वाली शत्रु संपत्ति को न्यायालय के आदेश पर लखनऊ से पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने कब्जा मुक्त करा दिया। जिला प्रशासन की मौजूदगी में शत्रु संपत्ति पर किए गए अवैध निर्माण को बुलडोजर से ढहा दिया गया।

वर्षों से गांव भिटौना में 0.216 हेक्टेयर भूमि पर नोवा फैक्ट्री का कब्जा था। यह जमीन शत्रु संपत्ति होने के बावजूद नोवा फैक्ट्री ने इसे ले लिया थ। यह मामला उच्च न्यायालय में नोवा फैक्ट्री प्रबंधन और राज्य संपत्ति विभाग के बीच विचाराधीन था। नोवा फैक्ट्री की ओर से पैरवी न होने के कारण न्यायालय ने राजस्व संपत्ति विभाग के पक्ष में आदेश जारी कर दिया। सोमवार को लखनऊ से आए पर्यवेक्षक प्रशांत सिंह सैनी एवं सहायक पर्यवेक्षक पवन कुमार की टीम ने शत्रु संपत्ति वाली भूमि पर पहुंचकर बुलडोजर से अवैध निर्माण ढहा दिया। तहसीलदार देवेंद्र कुमार मिश्रा एवं लेखपाल सतीश चंद्र वर्मा ने बताया कि गाटा संख्या 85 मौजा, रकबा 0.216 शत्रु संपत्ति है। जिस पर नोवा फैक्ट्री का कब्जा था। इस संपत्ति को न्यायालय के आदेश से कब्जा मुक्त कराया गया है।


भिटौना गांव में बुल्डोजर से शत्रु संपत्ति पर किया गया अवैध गिरवाते अधिकारी।

- हाईकोर्ट के आदेश पर लखनऊ से पहुंची टीम ने कब्जा मुक्त कराई जमीन

> शत्रु संपत्ति भिटौना पर अवैध कब्जे की जानकारी लखनऊ से मिली थी, और लखनऊ से टीम भी आई। उस टीम का पूरा सहयोग किया गया। अब एक-दो दिन में वहां शत्रु संपत्ति होने का बोर्ड लगा दिया जाएगा। जिले में अन्य जगह शत्रु संपत्तियां हैं वहां भी इसी तरह की कार्रवाई होती रहेगी।
> –संजीव कुमार, एसडीएम सदर

देश विभाजन के साथ ही भारत से पलायन कर पाकिस्तान गए लोगों की तमाम संपत्तियां जिले में हैं। इन संपत्तियों का ब्योरा चार साल पहले शत्रु संपत्ति विभाग, मुंबई ने प्रशासन को भेजा था। राजस्व टीमों ने जब दस्तावेजों के आधार पर संपत्तियां खंगालीं तो इन पर कब्जे मिले।

# शहर के मुख्य बाजारों में पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी हो रही है। बावजूद इसके शहर के मुख्य बाजारों में पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। दूर-दूर तक न तो काई प्याऊ है और ना ही हैंडपंप नजर आ। नगर पालिका पालिका की प्याऊ बंद हैं। इससे दूरदराज से आने वाले व्यापारी व अन्य लोग पानी के लिए भटकते हैं।

शहर में नगर पालिका की ओर से कई जगह प्याऊ लगवाई जाती थी, जो अब बीते दो दशक से अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। मगर अब शहर के मुख्य बाजार नदरई, बिलराम गेट, सोरों गेट, सहावर गेट इलाकों में दूर-दूर तक न तो कोई प्याऊ नजर नहीं आती है। न ही कोई हैंडपंप लगा है।


शहर के गांधी मूर्ति पर बंद पड़ी नगर पालिका की प्याऊ।


मालगोदाम चौराहे पर खराब पड़ा विधायक निधि से लगा वाटर कूलर।

### केवल भारत विकास परिषद की ओर से लगी प्याऊ

शहर के नदरई गेट बाजार में मिशन चौराहे से लेकर अग्रवाल बारहद्वारी तक मात्र एक प्याऊ है। जिसे भारत विकास परिषद द्वारा संचालित किया जाता है। नदरई गेट बाजार शहर का सबसे व्यस्ततम बाजार है। इस बाजार में मालगोदाम चौराहे पर शिव मंदिर व नदरई गेट पुलिस चौकी पर विधायक निधि से लगे वाटर कूलर खराब हैं। शहर के बिलराम गेट और सहावर गेट पर भी कोई प्याऊ नहीं है।

## दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सोरों,अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला चक्रतीर्थ स्थित सांवलिया भैरों मंदिर का सोमवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन कर सुख समृद्धि बनाए रखने की कामना की गई। मंदिर में जलाभिषेक के बाद भव्य श्रृंगार किया गया। यहां दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।सोरों नगर के मोहल्ला चक्रतीर्थ स्थित सांवलिया भैरों मंदिर में सोमवार सुबह से भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह को सबसे पहले भैरों बाबा का अभिषेक कर भव्य श्रृंगार किया गया। अलंकार आदि पहनाए गए। यज्ञ आदि धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार तिवारी, शरद कुमार तिवारी, गोविंद बाबू तिवारी, अमित शर्मा, सनी अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, लव कुश निर्भय, विमल तिवारी, संजय उपाध्याय, इंद्र कुमार आदि रहे।

# सम्मान पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे

**कासगंज, अमृत विचारः** सहावर कस्बा के एमए इस्लामिया इंटर कॉलेज में सोमवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। वहीं मेधावियों को अतिथिगणों एवं विद्यालय प्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाओं के सभी सेक्शनों में अलग-अलग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय घोषित किया गया। कॉलेज प्रबंधक प्रबंधक व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चौधरी कौसर हमीद ने बच्चों को स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। वही आपको बताते चलें प्रबंधक चौधरी कौसर हमीद द्वारा बच्चों को भविष्य और बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए बताया गया प्रधानाचार्य उवैस खान ने सभी छात्र-छात्राओं को सफलता पर बधाई दी है।

कार्यक्रम का संचालन इलियास खान ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक चौधरी कौसर हमीद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सहावर प्रधानाचार्य उवैस खान, शारिब महमूद, इलियास खान, शिवनंदन सिंह ,प्रेम सिंह, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद तसलीम, सत्येंद्र सिंह ,शिवांगी वार्ष्णेय अनूशा वकार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### समारोह आयोजित कर प्रतिभाओं का किया सम्मान



**गंजडुंडवारा।** कस्बे के निदा पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व ईनाम देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अब्दुल हफीज गांधी साहब हुसैन, खलील खान का प्रधानाचार्य तारिक महमूद मंसूरी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सपा प्रवक्ता ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताया और निरंतर आगे बढ़ने के लिए पूर्ण मेहनत से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

### अमांपुर में सम्मानित किए गए मेधावी बच्चे



**अमांपुर।** कस्बा के बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन एवं कोमल प्रसाद उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। वहीं, मेधावियों, अतिथियों को सम्मानित किया गया। कक्षा शिशु से आठ तक की कक्षाओं के सभी सेक्शन में अलग-अलग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय घोषित किया गया। देवांश मिश्रा ने 99,2 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। उसे मेडल व स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम तामेश्वर अग्रवाल, दरवेश फौजी, रामनरायन मित्तल, प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया। अध्यक्षता रामलाल साहू ने की। संचालन आचार्य संजय सोलंकी ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रीराम सोलंकी, विष्णु गोयल, बबलू गोयल, आकाश गुप्ता सर्राफ, लखमीचंद्र, प्रवेश कुमार, कृष्णपाल सिंह, रामस्वरूप, महन्तराम सिंह, सोभित गोयल, आलोक कुमार, अंजलि कुमारी, राजवीर सिंह, जयपाल सिंह, जय सिंह, अमर सिंह, प्रदीप कुमार, राजेन्द्र सिंह, खुशीराम सिंह, दुर्वेश कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार, संजीव कुमार, रामवीर सिंह, शिवानी कुमारी, बबीता कुमारी, विनीता कुमारी आदि मौजूद रहे।

### जूडो चैंपियनशिप में बीएस डायनेमिक प्रथम



**कासगंज।** नगर के दद्दा पब्लिक स्कूल में कासगंज डिस्टक नॉरमल एंड पैरा जूड़ो एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय जूडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच विद्यालयों की टीमों ने सहभागिता की। प्रथम स्थान बीएस डायनेमिक की टीम को मिला। दूसरे स्थान पर दद्दा पब्लिक स्कूल और तीसरे पर किड्स केयर स्कूल की टीम रही। मेधावी टीम को प्रमाण पत्र, ट्राफी और मैडल देकर सम्मानित किया गया। जूडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीडीओ सचिन कुमार रहे। प्रतियोगिता में नगर के किड्स केयर, जेपी पब्लिक एकेडमी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्रीगणेश इंटर कॉलेज, द्रोपदी देवी जाजू इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर बीएस डायनेमिक स्कूल, दूसरे स्थान पर दद्दा पब्लिक स्कूल व तृतीय स्थान पर किड्स केयर स्कूल के बच्चों ने हासिल किया। सीडीओ सचिन कुमार ने बताया कि जूडो प्रतियोगिताओं से बच्चों के अंदर छिपा हुआ रहस्य उभर कर आता है। उनका मानसिक विकास होता है। इस तरह की प्रतियोगिता समय-समय पर होनी चाहिए। बाद में उन्होंने मेधावी टीम को प्रमाण पत्र ट्राफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया। इस मौके सचिव मुहम्मद आसिफ, मधुर पुंढीर, पंकज कुमार, रोहित शर्मा, इशरत, अंकित सैनी, यश अग्रवाल,ज्योति, दीप्ति, सुनील कुमार, ऋतुराज, चंदन भारद्वाज, गजेंद्र सिंह, डॉ. प्रवीण जादोन, प्रिंसिपल कामिनी गुप्ता, डा. मनोज शर्मा आदि रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरुष तंदरुस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

